सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 12 अंक : 22 | इंदौर, मंगलवार 11 अगस्त, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## टायर जलाए, दुकानें बंद कराईं; छात्रों पर लाठीचार्ज के बाद रांची में भारी बवाल



**रांची, (एजेंसी)**। रांची में नई विधानसभा घेराव के दौरान सोमवार को छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में भारतीय जनता पार्टी ने आज झारखंड बंद का आह्वान किया है। इसका सबसे ज्यादा असर रांची में दिखाई दे रहा है। प्रदर्शनकारी सड़कों पर बैठकर और टायर जलाकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं। इससे ट्रैफिक पर भी असर पड़ रहा है। बंद को देखते हुए कई जिलों में निजी स्कूल भी बंद कर दिए गए हैं। प्रशासन भी सतर्क है और सुरक्षा कड़ी कर दी है। पुलिस ने साफ तौर पर कहा है कि बंद के दौरान गड़बड़ी, हिंसा और विधि व्यवस्था भंग करने वालों की खैर नहीं होगी। ऐसे लोगों से सख्ती से निपटा जाएगा। बंद के दौरान किसी भी तरह की अप्रिय घटना से निपटने के लिए जिलेभर में करीब दो हजार पुलिस बल की तैनाती की गई है। संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल को तैनात किया गया है। पुलिस अधिकारियों को स्थिति पर लगातार नजर रखने और किसी भी आपात स्थिति से तत्काल निपटने का निर्देश दिया गया है।

गढ़वा में भाजपा की ओर से आहूत झारखंड बंद का आंशिक असर दिखाई दे रहा है। बसों का परिचालन बाधित करने की कोशिश की जा रही है। हालांकि बाजार की स्थिति अबतक सामान्य हैं और दुकानें खुली हैं।

बंद समर्थकों ने रांची के किशनगंज चौक पर टायर जलाए और यातायात को बाधित किया। इसके अलावा रांची के कांके रोड में सीएमपीडीआई गेट के पास भी सड़क जाम कर टायर जलाया गया है।

रांची की सड़कों पर मंगलवार सुबह से ही बंद का असर दिखने लगा है। बंद समर्थकों ने हरमू चौक और भारत माता चौक के पास टायर जलाकर बंद का समर्थन किया और दुकानें बंद कराई। किशोरगंज चौक पर लकड़ी जलाकर भी उन्होंने दुकान बंद कराई। इस दौरान कुछ स्कूली बसों को जाने दिया गया। हालांकि लोगों को भी किस तरह की कोई परेशानी अभी तक नहीं हुई।

बंद के बीच रांची में बीजेपी कार्यकर्ता सड़कों पर उतर आए और सीएम हेमंत सोरेन के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान उन्होंने हरमू चौक पर सड़क पर बैठकर विरोध प्रदर्शन किया।

" पुलिस बल और जवानों का मनोबल दोनों बढ़ाना हमारी प्राथमिकता : मुख्यमंत्री डॉ. यादव "

# प्रदेश में तीन राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल गठित किए जाएंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का सोमवार को रविन्द्र भवन में पुलिस विभाग द्वारा अभिनंदन किया गया। पुलिस विभाग में बड़ी संख्या में नवीन भर्तियों की शुरुआत करने तथा वर्षों से लंबित पदोन्नतियों का लाभ दिलाने के लिए पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया।**



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर कहा कि सरकार ने तय किया है कि पुलिस बल और पुलिसवालों का मनोबल दोनों बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मी कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर चोट और तनाव झेलते हैं, लेकिन उनके परिश्रम को सम्मान और पुरस्कार मिलने का भरोसा भी जरूरी है। मुख्यमंत्री ने बताया कि पुलिस विभाग के 58 संवर्गों में रिकॉर्ड 27 हजार 534 पुलिस अधिकारी-कर्मचारी पदोन्नत हुए हैं। इनमें मैदानी स्तर के 12 हजार 928 आरक्षक प्रधान आरक्षक तथा 5 हजार 171 प्रधान आरक्षक सहायक उपनिरीक्षक बने हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पदोन्नति का रास्ता खुलने का सबसे बड़ा लाभ पुलिस विभाग को मिला है। युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसरों का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्ष 2023 से अब तक विभिन्न संवर्गों में 14 हजार 704 से अधिक अभ्यर्थियों का चयन हो चुका है और 9 हजार 751 अतिरिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी है। पुलिस बैंड और एफएसएल की भर्ती भी अंतिम चरण में है। प्रशिक्षु डीएसपी विनय कुमार डहरवाल ने कहा कि मैं बालाघाट जिले का निवासी हूं। कुछ समय पूर्व तक यह क्षेत्र नक्सल प्रभावित था। मेरी स्कूली शिक्षा गांव में पूरी हुई। लोक सेवा आयोग की परीक्षा पास करने पर मुझे वर्ष 2022 में डीएसपी पद मिला। मेरी सफलता से क्षेत्रवासियों में नई ऊर्जा मिली है। हम अपने देश भक्ति और सेवा के जज्बे को जमीन पर उतारेंगे। महिला आरक्षक (नवीन भर्ती) सुश्री आस्था शर्मा ने कहा कि बचपन से मेरा सपना खाकी वर्दी पहनने का था। शादी और बच्चों के बाद पुलिस विभाग में मेरा चयन महिलाओं के लिए गौरव की बात है। एडीजी एसएएफ चंचल शेखर ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के अभिनंदन पत्र का वाचन किया। स्पेशल डीजी एडमिनिस्ट्रेशन आदर्श कटियार ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव गृह विभाग संजय कुमार शुक्ल, स्पेशल डीजी सीआईडी पंकज श्रीवास्तव, आईजी एडमिन हरिनारायणचारी मिश्रा सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

*पानी में डूबे अधूरे पुल को देख नहीं पाया ड्राइवर*

# नाले में बही कार, 3 बच्चों समेत 9 की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**राजगढ़, एजेंसी। राजगढ़ में ईको वैन नाले में बह गई। हादसे में तीन बच्चों और दो महिलाओं समेत 9 लोगों की मौत हो गई। दो युवकों ने तैरकर जान बचाई। हादसा पचोर-सारंगपुर रोड पर पड़ाना कस्बे में सोमवार सुबह करीब साढ़े 9 बजे हुआ।**

पुलिस के मुताबिक, ईको सवार सभी लोग देवास के सतवास में धांसड़ गांव के रहने वाले हैं। वे कड़लावद गांव जा रहे थे। कार मुकेश सिंह के नाम पर रजिस्टर्ड है। वही कार चला रहा था। वह और हुकुम सिंह अस्पताल में भर्ती हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मृतकों के परिजन को 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। पड़ाना के पास झिरी नाले पर 30 फीट का पुल निर्माणाधीन है। तेज बारिश की वजह से पानी पुल के ऊपर बह रहा है। कार ड्राइवर मुकेश को अधूरा पुल नहीं दिखा। उसने कार आगे बढ़ा दी, जो नाले में बह गई। एसडीएम रोहित बम्होरे, एसडीओपी अरविंद सिंह मौके पर पहुंचे। एसडीईआरएफ की मदद से रेस्क्यू अभियान चलाया। क्रेन की मदद से कार को बाहर निकाला। टीआई राहुल रघुवंशी ने बताया कि इसमें कोई नहीं मिला। प्रत्यक्षदर्शी महेंद्र परमार ने बताया कि पुल पर पानी भरा था। हमने कार ड्राइवर को रोका। उसे कहा कि आगे घुटने तक पानी भरा है। गाड़ी मत निकालो, लेकिन वह नहीं माना। रोड पर रेलिंग नहीं होने की वजह से गाड़ी नाले में जा गिरी। हादसे से बच निकले मुकेश और हुकुम सारंगपुर अस्पताल में भर्ती हैं। मुकेश ने कहा- हम सतवास के पास धांसड़ गांव से आ रहे थे। मेरी काकी को लकवा लगा है, जिन्हें इलाज के लिए कनावड़ धाम ले जा रहे थे। नाले में बाढ़ आई थी। गांव के लोगों ने आगे जाने से मना किया। हम रुक गए, करीब 15 मिनट तक इंतजार किया।



### इनकी गई जान

1. शंकर सिंह (50)
2. सागरबाई पति शंकर सिंह
3. रीनू (28) पति हुकुम सिंह
4. राजवीर (3) पिता हुकुम सिंह
5. जसप्रीत पिता हुकुम सिंह
6. विशाल चौहान
7. पूजा (27) पति विशाल चौहान
8. रिशिका
9. आनंद सिंह

# भक्ति में इंदौर रचेगा नया कीर्तिमान, 2100 किमी दौड़ेगी 'सीताराम डाक कावड़'

**30 से ज्यादा चार पहिया वाहनों के काफिले में 400 से अधिक श्रद्धालु रामेश्वरम रवाना | 15 अगस्त को शुरू होगी 171 घंटे की नॉनस्टॉप यात्रा**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** भक्ति, आस्था और संकल्प की अनूठी मिसाल पेश करने के लिए इंदौर एक बार फिर तैयार है। सावन के पवित्र महीने में भगवान शिव की भक्ति को समर्पित 'सीताराम डाक कावड़' इस बार रामेश्वरम ज्योतिर्लिंग से इंदौर तक करीब 2100 किलोमीटर की दूरी दौड़ते हुए तय करेगी। आयोजकों के अनुसार यह विश्व की सबसे लंबी दूरी तय करने वाली डाक कावड़ यात्रा है, जिसमें कावड़िए दिन-रात लगातार दौड़ते हुए जल लेकर इंदौर पहुंचेंगे।

अरण्य धाम संत आश्रम के अधिष्ठाता महामंडलेश्वर रामजी बाबा ने बताया कि सोमवार शाम 10 अगस्त को स्कीम नंबर 78 स्थित अरण्य धाम संत आश्रम से संत-महंत और आचार्यों के सान्निध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं का काफिला रामेश्वरम के लिए रवाना हुआ। रवाना होने से पहले आश्रम में सुबह 9बजे से शाम तक हवन, पूजन और वैदिक अनुष्ठान हुआ, बड़ी संख्या में एकत्रित संत महात्माओं को देखने के लिए स्थानीय रवासियों का भी ताता लगा रहा । इसके बाद 30 से अधिक चार पहिया वाहनों के काफिले में 400 से ज्यादा श्रद्धालु भक्त रामेश्वरम के लिए



रवाना हुए।

रामेश्वरम पहुंचने के बाद 15 अगस्त को सुबह करीब 9 बजे विशेष पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठान के बाद सीताराम डाक कावड़ की नॉनस्टॉप दौड़ शुरू होगी। लक्ष्य है कि करीब 2100 किलोमीटर की दूरी को 171 घंटे में लगातार दौड़ते हुए पूरा कर कावड़ इंदौर पहुंचे।

कावड़ यात्रा की खासियत यह है कि कोई एक व्यक्ति लगातार पूरी दूरी नहीं दौड़ेगा। कावड़िए बारी-बारी से जिम्मेदारी संभालेंगे और करीब 150 से 200 मीटर की दूरी दौड़कर कावड़ को अगले धावक को सौंपेंगे। इस तरह दिन-रात बिना रुके कावड़ आगे बढ़ती रहेगी।

इंदौर पहुंचने के बाद अरण्य धाम संत आश्रम स्थित श्री राम-रामेश्वर महादेव मंदिर में रामेश्वरम से लाए गए पवित्र जल से भगवान शिव का जलाभिषेक किया जाएगा।

इस धार्मिक यात्रा में सिर्फ इंदौर ही नहीं, बल्कि प्रदेश और देश के विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। राजस्थान के टोंक से 150 से अधिक सीताराम भक्त मंडल के श्रद्धालु भी वाहनों के काफिले के साथ रामेश्वरम के लिए रवाना हुए हैं।

इसके अलावा इंदौर, भोपाल, उज्जैन, झाबुआ, खरगोन और खंडवा सहित अन्य क्षेत्रों के श्रद्धालु भी इस अनूठी डाक कावड़ यात्रा में सहभागी बन रहे हैं। यात्रा में श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है और सभी के मन में एक ही संकल्प है—भगवान शिव तक रामेश्वरम का पवित्र जल पहुंचाना और इंदौर में भगवान राम-रामेश्वर महादेव का अभिषेक करना।

यात्रा में श्रद्धालुओं की सुविधा और खान-पान की व्यवस्था के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। करीब 25 सदस्यों का रसोइयों का दल भी काफिले के साथ रामेश्वरम रवाना हुआ है। लंबी दूरी की यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के भोजन और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी यह दल संभालेगा।

अरण्य धाम संत आश्रम के संस्थापक महामंडलेश्वर रामजी बाबा एवं सीताराम भक्त मंडल के कमलेश्वर सिंह सिसोदिया ने बताया कि यह केवल एक धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि श्रद्धा, अनुशासन, सेवा और सामूहिक संकल्प का प्रतीक है।

'सीताराम डाक कावड़' की शुरुआत वर्ष 2015 में हुई थी। तब से लगातार विभिन्न पवित्र तीर्थस्थलों से जल लाकर इंदौर के राम-रामेश्वर महादेव मंदिर में भगवान शिव का अभिषेक किया जाता रहा है। पिछले वर्षों में ओंकारेश्वर, अमरकंटक, गंगोत्री, द्वारका और अयोध्या सहित कई धार्मिक स्थलों से कावड़ के माध्यम से पवित्र जल इंदौर लाया जा चुका है।

इस बार पहली बार रामेश्वरम ज्योतिर्लिंग से इंदौर तक करीब 2100 किलोमीटर की दूरी तय करने का संकल्प लिया गया है। 15 अगस्त को रामेश्वरम से शुरू होने वाली यह नॉनस्टॉप दौड़ 171 घंटे के निर्धारित लक्ष्य के साथ इंदौर की ओर बढ़ेगी।

सीताराम डाक कावड़ यात्रा सिर्फ एक स्थान से दूसरे स्थान तक जल लाने की यात्रा नहीं है। यह उन श्रद्धालुओं के विश्वास और संकल्प की यात्रा है, जिनके लिए भगवान की भक्ति में दूरी, थकान और समय की सीमाएं भी छोटी पड़ जाती हैं।

रामेश्वरम से इंदौर तक 2100 किलोमीटर की दूरी को लगातार दौड़ते हुए तय करने का यह संकल्प भक्ति, सामूहिकता और सेवा का संदेश भी दे रहा है। देश के अलग-अलग हिस्सों से श्रद्धालुओं का एक साथ आना यह बताता है कि आस्था की कोई सीमा नहीं होती।

## केन्द्रीय जेल इंदौर में सवा लाख पार्थिव शिवलिंग निर्माण महायज्ञ का आयोजन

**● महानिदेशक जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं श्री वरुण कपूर ने प्रथम पार्थिव शिवलिंग बनाकर किया शुभारंभ**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** श्रावण मास के पावन अवसर पर केन्द्रीय जेल इंदौर में स्थापित शिवलिंग के पंचम वर्ष के उपलक्ष्य में आज सवा लाख पार्थिव शिवलिंग निर्माण महायज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं, मध्यप्रदेश के महानिदेशक श्री वरुण कपूर के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम में केन्द्रीय जेल इंदौर के मुख्य द्वार पर जेल अधीक्षक श्री दिनेश नरगावे एवं जेल अधिकारियों द्वारा मुख्य अतिथि श्री वरुण कपूर का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। इसके पश्चात केन्द्रीय जेल के मुख्य सभागृह में श्री वरुण कपूर ने प्रथम पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर सवा लाख पार्थिव शिवलिंग निर्माण महायज्ञ का विधिवत शुभारंभ किया।

महायज्ञ के मुख्य शिवलिंग निर्माण का संकल्प मुख्य यजमान दंपती श्री वरुण कपूर एवं श्रीमती सोम्या कपूर द्वारा लिया गया। शिव स्त्रोत, मंत्रोच्चार एवं धार्मिक विधि-विधान के साथ पार्थिव शिवलिंग निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम में केन्द्रीय जेल में निरुद्ध विचाराधीन एवं दण्डित बंदियों तथा महिला बंदिनियों ने भी श्रद्धापूर्वक सहभागिता की।

मुख्य निर्माण स्थल सभागृह के साथ-साथ जेल के विभिन्न वार्डों



में भी बंदियों एवं बंदिनियों द्वारा पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया गया। इस दौरान जेल में मौजूद बंदियों की भजन मंडली द्वारा शिव स्तुति एवं शिव भजनों की प्रस्तुति दी गई। संपूर्ण कार्यक्रम के दौरान मंत्रोच्चार के साथ जेल परिसर में स्थापित शिवलिंग का रुद्राभिषेक भी किया गया।

कार्यक्रम में करीब 1000 बंदियों एवं 51 महिला बंदिनियों ने श्रद्धापूर्वक सहभागिता की। धार्मिक एवं आध्यात्मिक वातावरण में आयोजित इस कार्यक्रम के पश्चात सभी सहभागी बंदियों एवं बंदिनियों को फरियाली अल्पाहार भी प्रदान किया गया।

इस अवसर पर जेल अधीक्षक श्री दिनेश नरगावे, जेल उप अधीक्षक श्री इंदर सिंह नागर, जेल उप अधीक्षक श्री संतोष कुमार लडिया, वरिष्ठ परिवीक्षा एवं कल्याण अधिकारी श्री अभिषेक दांगी सहित जेल के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

सवा लाख पार्थिव शिवलिंग निर्माण महायज्ञ का मुख्य उद्देश्य जेल में निरुद्ध बंदियों एवं बंदिनियों में आध्यात्मिक एवं सकारात्मक भावनाओं का विकास करना, मानसिक शांति प्रदान करना तथा आत्मचिंतन की भावना को प्रोत्साहित करना है। इस प्रकार के धार्मिक एवं आध्यात्मिक आयोजनों के माध्यम से बंदियों को सकारात्मक जीवनशैली अपनाने, अपने जीवन में अच्छे विचारों को आत्मसात करने तथा समाज की मुख्यधारा से पुनः जुड़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

## सामाजिक समरसता जल संरक्षण संदेश के साथ निकलेगी शिव परशुराम कार कावड़ यात्रा

**हंसदास मठ से 16 अगस्त को होगा शुभारंभ, 200 कार और सैकड़ों दोपहिया वाहन होंगे शामिल**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** सामाजिक समरसता और सर्व समाज की सहभागिता के उद्देश्य से विश्व ब्राह्मण समाज संघ द्वारा शिव परशुराम कार कावड़ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यात्रा 16 अगस्त को सुबह 9 बजे हंसदास मठ से प्रारंभ होगी और शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए भगवान परशुराम की जन्मस्थली जानापाव पहुंचेगी। यात्रा में करीब 200 कारों और सैकड़ों दोपहिया वाहनों के शामिल होने की संभावना है।



यात्रा की तैयारियों को लेकर हंसदास मठ में आयोजित बैठक में आयोजन को अंतिम रूप दिया गया। इस परंपरागत यात्रा के संयोजक विश्व ब्राह्मण समाज संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व राज्य मंत्री दर्जा पंडित योगेंद्र महंत ने बताया कि कार कावड़ यात्रा हंसदास मठ से प्रारंभ होकर बड़ा गणपति, राजवाड़ा, गांधी प्रतिमा, नेहरू प्रतिमा, आंबेडकर प्रतिमा, जीपीओ चौराहा, छावनी चौराहा, अग्रसेन प्रतिमा, टॉवर चौराहा, चोइथराम हॉस्पिटल होते हुए राजेंद्र नगर, राऊ और महू के मार्ग से जानापाव पहुंचेगी।

जानापाव में भगवान शिव और भगवान परशुराम का अभिषेक, पूजन, आरती और प्रसादी के साथ यात्रा का समापन होगा। यात्रा का उद्देश्य धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक समरसता और सर्व समाज के बीच एकता का संदेश देना है। आयोजकों के अनुसार यात्रा में समाज के विभिन्न वर्गों की सक्रिय सहभागिता रहेगी।

**नदियों के जल से होगा अभिषेक-** पंडित योगेंद्र महंत ने बताया कि यात्रा से दो दिन पूर्व 14 अगस्त को नर्मदा, क्षिप्रा सहित अन्य पवित्र नदियों का जल एकत्र करने के लिए अलग-अलग दल रवाना होंगे। विभिन्न नदियों से एकत्र किए गए जल को यात्रा के दौरान जानापाव ले जाया जाएगा, जहां भगवान शिव और भगवान परशुराम का अभिषेक किया जाएगा। यात्रा संयोजक पंडित योगेंद्र महंत, राष्ट्रीय अध्यक्ष, विश्व ब्राह्मण समाज संघ एवं पूर्व राज्य मंत्री दर्जा, ने कहा कि यात्रा का मूल उद्देश्य धार्मिक आस्था के साथ समाज के सभी वर्गों को एक मंच पर लाकर सामाजिक समरसता को मजबूत करना है।

बैठक में रामचन्द्र वैदिक, विजय बोड़खा, पवन दास शर्मा, विश्व ब्राह्मण समाज संघ की राष्ट्रीय समन्वयक अर्पणा जोशी, डिंपल शर्मा, छाया दुबे, गोपाल कृष्ण शर्मा, कृष्णा वैरागी, गोविन्द शर्मा, सीताराम व्यास, दिनेश शर्मा, जयदीप जैन, भूरालाल व्यास, कोमल दीक्षित, अनंत महंत, सुरेश पाठक, पुष्प कुमार भार्गव, हेमेंद्र भार्गव, मनोज तिवारी, लक्ष्मीनारायण भार्गव, प्रकाश मानावत, कमलेश्वर सिसोदिया, ललित पारिख, दीपक पाठक, प्रमिला शर्मा, रंजना वैष्णव, विनीत त्रिवेदी और चंदा तिवारी सहित अन्य कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन पंडित अशोक चतुर्वेदी ने किया।

खाद्य सुरक्षा प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

# विशेष अभियान में 2 प्रतिष्ठानों से 535 किलो संदिग्ध खाद्य पदार्थ जब्त

## जब्त स्टॉक का मूल्य ₹3 लाख से अधिक; डेयरी में खाद्य निर्माण कार्य तत्काल प्रभाव से बंद कराया गया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रदेश में मिलावट एवं अमानक खाद्य पदार्थों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में आयुक्त, खाद्य सुरक्षा, मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर इंदौर श्री शिवम वर्मा के मार्गदर्शन में जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु लगातार निरीक्षण एवं नमूना कार्रवाई की जा रही है।**






प्रदेशभर में दूध एवं दूध से निर्मित खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच हेतु विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत अन्य राज्यों से मध्यप्रदेश में आने वाले दूध एवं दुग्ध उत्पादों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। अभियान के दौरान बाहरी राज्यों से आने वाले कुछ घी ब्रांडों के नमूने अमानक पाए जाने पर आयुक्त, खाद्य सुरक्षा, मध्यप्रदेश द्वारा संबंधित ब्रांडों के विरुद्ध विशेष नमूना कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

इसी क्रम में आज दिनांक 10 अगस्त 2026 को खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दल द्वारा सिंध डेयरी फार्म, 8 चंदन भवन, 7 मुराई मोहल्ला, इंदौर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान पर प्रभारी श्री दीपेश गुरनानी उपस्थित पाए गए। परिसर के निरीक्षण में पाया गया कि यहां पनीर, दही एवं घी का निर्माण किया जाता है तथा दूध, दही, पनीर, घी आदि खाद्य पदार्थों का थोक एवं रिटेल विक्रय किया जाता है।

निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान प्रभारी द्वारा खाद्य अनुज्ञप्ति प्रस्तुत की गई, जो खाद्य पदार्थों के निर्माण हेतु वैध नहीं पाई गई तथा केवल थोक एवं रिटेल विक्रय हेतु वैध पाई गई। परिसर में घी प्लेन टिन में रखा हुआ पाया गया, जिस पर खाद्य पदार्थ से संबंधित आवश्यक जानकारी अंकित नहीं थी। प्रतिष्ठान प्रभारी द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा कभी-कभी घी का निर्माण किया जाता है, जबकि मौके पर रखा घी बाहर से खरीदकर विक्रय हेतु मंगवाया गया है। उक्त घी की खरीदी संबंधी कोई बिल भी प्रतिष्ठान प्रभारी द्वारा प्रस्तुत नहीं किया गया।

मौके से घी एवं पनीर के 2 नमूने जांच हेतु लिए गए। घी एवं पनीर की गुणवत्ता संदिग्ध होने की आशंका के चलते लगभग 149 किलोग्राम घी एवं 103 किलोग्राम पनीर, कुल 252 किलोग्राम खाद्य पदार्थ, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 1.50 लाख है, को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के प्रावधानों के अंतर्गत जांच रिपोर्ट प्राप्त होने तक जब्त किया गया।

चूंकि परिसर में खाद्य पदार्थों के निर्माण हेतु वैध अनुज्ञप्ति उपलब्ध नहीं पाई गई, अतः प्रतिष्ठान में किए जा रहे खाद्य पदार्थों के निर्माण कार्य को वैध निर्माण अनुज्ञप्ति प्राप्त होने तक तत्काल प्रभाव से बंद कराया गया तथा आवश्यक निर्देश दिए गए।

इसी विशेष अभियान के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के एक अन्य दल द्वारा नारायण इंटरप्राइजेज, पालदा बारदान मंडी, इंदौर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान किंग घी एवं राधा माधव घी के कुल 2 नमूने जांच हेतु लिए गए। साथ ही मौके पर रखे 15 किलोग्राम क्षमता के 17 डिब्बों में लगभग 255 किलोग्राम घी, जिसकी अनुमानित कीमत 1,53,000 है, को गुणवत्ता संदिग्ध होने के कारण जांच रिपोर्ट प्राप्त होने तक जब्त किया गया।

इसी क्रम में सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायत के आधार पर जेल रोड, इंदौर स्थित रतलाम नमकीन कॉर्नर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाई गई अनियमितताओं के संबंध में प्रतिष्ठान को सुधार सूचना पत्र (Improvement Notice) जारी किया जा रहा है। साथ ही शिकायत के आधार पर जांच हेतु समोसे एवं सलाद/चटनी के 2 नमूने लिए गए, जिन्हें परीक्षण हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल भेजा जा रहा है।

एक अन्य कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दल द्वारा सियागंज क्षेत्र स्थित मैसर्स कमलेश ट्रेडर्स, संचालक कमलेश गुप्ता, का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महीसागर घी, निर्माता तिरुपति फूड प्रोडक्ट, गांधीनगर, गुजरात, का नमूना जांच हेतु लिया गया। घी की गुणवत्ता संदिग्ध होने के आधार पर लगभग 28 किलोग्राम घी (56 यूनिट) को मौके पर सील कर जब्त किया गया। नमूना जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा जा रहा है।

इसके अतिरिक्त FoSCoS पोर्टल पर प्राप्त शिकायत के आधार पर कैलाश पार्क कॉलोनी, बड़ी ग्वालटोली स्थित आशुतोष बॉयज हॉस्टल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान रॉ मैटेरियल एवं तैयार खाद्य पदार्थों के कुल 3 नमूने जांच हेतु लिए गए। साथ ही हॉस्टल संचालक को परिसर में साफ-सफाई एवं स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

इस प्रकार आज की कार्रवाई में विभिन्न प्रतिष्ठानों से घी, पनीर एवं अन्य खाद्य पदार्थों के नमूने जांच हेतु लिए गए तथा कुल लगभग 535 किलोग्राम संदिग्ध खाद्य पदार्थ जिनकी अनुमानित कीमत 3 लाख रूपये से अधिक है जब्त किए गए।

खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं स्वच्छता सुनिश्चित करने हेतु विशेष अभियान के अंतर्गत इस प्रकार की निरीक्षण एवं नमूना कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। सभी लिए गए खाद्य नमूनों की जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 तथा उसके अधीन बनाए गए नियमों के अनुसार आवश्यक अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## इंदौर प्रेस क्लब में बिल्वपत्रेश्वर महादेव का हुआ भव्य रुद्राभिषेक





● बड़ी संख्या में मीडिया के साथियों ने लिया धर्मलाभ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** सावन महीने में सोमवार को इंदौर प्रेस क्लब परिसर स्थित प्राचीन बिल्वपत्रेश्वर महादेव मंदिर में भव्य रुद्राभिषेक और विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। मंदिर को फूलों और बेलपत्र से सजाया गया था। धार्मिक विधि-विधान के साथ, पंडित धीरेंद्र राजावत के सानिध्य में प्रेस क्लब अध्यक्ष दीपक कर्दम, पूर्व अध्यक्ष अरविंद तिवारी, उपाध्यक्ष संजय त्रिपाठी, महासचिव प्रदीप जोशी, सचिव अभिषेक चेंडके, कोषाध्यक्ष मुकेश तिवारी, कार्यकारिणी सदस्य अभिय तिवारी, श्याम कामले, विजय भट्ट, अभिषेक रघुवंशी ने मंत्रोच्चारण के बीच भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया गया। शिवलिंग पर पंचतत्वों जल दूध, दही, शहद, घी और अन्य पवित्र सामग्रियां अर्पित की गईं। तत्पश्चात महाआरती की गई। रुद्राभिषेक और महाआरती के समापन के बाद सभी उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार राजीव उपाध्याय, विपिन नीमा, राहुल वावीकर, डॉ. अर्पण जैन, प्रवीण बरनाले, राजेंद्र कोपरगांवकर, नितिन सोलंकी, बंटी गुंजाल, सतीश गौड़, देवेंद्र मालवीय, दीपक जैन सहित बड़ी संख्या में इंदौर के मीडिया के साथियों के साथ श्रद्धालुजन उपस्थित थे।

## भाजपा नगर अध्यक्ष ने पार्षद के शादी न करने की बात छेड़ी, तो संतोष बोले, बेतुकी बातें मत करो

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। नगर निगम के अगले साल चुनाव होना है। इसे देखते हुए भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष ने पार्षदों की क्लास ली। बैठक में भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने पार्षद सुरेश कुरवाड़े के शादी न करने की बात छेड़ी तो संतोष नाराज होकर बोले- यह बेतुकी बातें मत करो। मैंने भी शादी नहीं की है। दरअसल, संतोष ने बैठक में पार्षदों से कहा था कि पार्षद एक घंटे मोबाइल फोन बंद कर अपने परिवार को भी समय दें। तब पार्षद सुरेश कुरवाड़े ने कहा था कि मोबाइल बंद रखने से जनता परेशान होती है। तब सुमित तपाक से बोले कि आपकी तो शादी नहीं हुई है।**



संगठन महामंत्री ने पार्षदों से कहा कि यदि उन्हें दोबारा चुनाव लड़ना है तो अभी से मेहनत करनी होगी। जनता की उम्मीदों पर खरा उतरना होगा। जनता के बीच ज्यादा समय दें। जो लोग आपसे दूर हो चुके हैं, उसकी वजह खोजें और उनकी नाराजगी दूर करें। उन्होंने यह भी कहा कि 25 साल से इंदौर नगर निगम में भाजपा की परिषद है। ऐसे कामों की सूची बनाएं, जो 25 साल में इंदौर में नहीं हो पाए हैं। उन्हें पूरा करने के प्रयास करें। उन्होंने पार्षदों को निष्पक्ष तरीके से काम करने पर जोर दिया और कहा कि यदि किसी व्यक्ति के काम नियमों के कारण नहीं हो रहे हैं तो उन्हें विस्तार से इस बारे में बताएं। यदि जनता के जो काम नहीं होंगे और वहीं काम आप अपने परिचित और समर्थकों के कर देंगे तो मतदाता नाराज होगा। नियम सबके लिए समान होते हैं। बैठक में 40 से ज्यादा पार्षद मौजूद थे। संतोष ने जेन जी को भी जोड़ने पर जोर दिया। युवा पीढ़ी से संवाद बढ़ाएं और उनकी मदद करें। बैठक करीब एक घंटे चली, जिसमें पार्षदों ने उनसे सवाल भी पूछे।

## पड़ोसी के खिलाफ नाबालिग ने की शिकायत

**इंदौर।** लसूड़िया थाना क्षेत्र में एक नाबालिग छात्रा के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पड़ोसी पर काम के बहाने बच्ची को अपने घर बुलाकर गलत तरीके से छूने का आरोप है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है। लसूड़िया इलाके में रहने वाली नाबालिग ने बताया कि रविवार को उसकी छुट्टी थी और माता-पिता काम पर बाहर गए हुए थे। घर पर उसके छोटे भाई और बहन थे। दोपहर करीब 3 बजे पड़ोसी खेतसिंह मेहरा ने पत्नी के घर पर न होने का हवाला देकर उसे बर्तन साफ करने के बहाने अपने घर बुलाया। छात्रा जब काम कर रही थी, तभी खेतसिंह पीछे से आया और उसे गलत तरीके से छूने लगा। जब उसने छात्रा को जोर से पकड़ा तो वह रोने लगी। इसी दौरान बच्ची की आवाज सुनकर परिचित वहां पहुंचे। उन्हें देखकर आरोपी छात्रा पर चिल्लाने लगा। छात्रा ने परिचितों को पूरी घटना बताई, जिसके बाद उन्होंने उसके माता-पिता को सूचना दी। काम से वापस लौटने पर माता-पिता पीड़िता को लेकर सीधे लसूड़िया थाने पहुंचे और आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

● बारिश और बाढ़ के बीच मध्यप्रदेश पुलिस का रेस्क्यू ऑपरेशन

# एसडीईआरएफ एवं होमगार्ड्स ने बचाईं 98 जिंदगियां



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी**। मध्यप्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में जारी भारी बारिश एवं नदियों-नालों के उफान से उत्पन्न आपदा की स्थिति में राज्य आपदा आपातकालीन प्रतिक्रिया बल एवं होमगार्ड्स की टीमों ने त्वरित व अदम्य साहस का परिचय देते हुए बड़े पैमाने पर राहत एवं बचाव अभियान संचालित किए हैं।

होमगार्ड, सिविल डिफेंस और आपदा प्रबंधन (एसडीईआरएफ) की महानिदेशक श्रीमती प्रज्ञा ऋचा श्रीवास्तव ने बताया कि 10 अगस्त को प्रदेश के कई जिलों से जलभराव एवं बाढ़ में नागरिकों के फंसने की आपातकालीन सूचनाएं प्राप्त हुईं, जिस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए मुख्यालय भोपाल के निर्देशन में क्षेत्रीय टीमों द्वारा विभिन्न स्थानों पर तत्परता से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाए गए। दिनभर चले इन अभियानों के दौरान बहादुर जवानों द्वारा 98 नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकालकर राहत पहुँचाई गई तथा 7 गोवंश एवं 4 पालतू पशुओं का भी सुरक्षित बचाव किया गया। सीहोर जिले में नाले का जलस्तर अचानक बढ़ने से आपदा की गंभीर स्थिति निर्मित हो गई। थाना सीहोर अंतर्गत ग्राम जामनी (जिला मुख्यालय से 20 किमी) में नाले के उफान के कारण घर में फंसी 23 वर्षीय गर्भवती महिला श्रीमती गीता राजपूत एवं उनके परिवार के 3 अन्य सदस्यों के फंसे होने की सूचना मिली। एसडीईआरएफ और होमगार्ड्स की टीम ने तत्काल मौके पर पहुँचकर रबर बोट की सहायता से अत्यधिक सावधानीपूर्वक गर्भवती महिला एवं तीनों परिजनों को जलभराव से सुरक्षित बाहर निकाला और एम्बुलेंस तक पहुँचाया। इसके अतिरिक्त, सीहोर के थाना अहमदपुर क्षेत्र (मुख्यालय से 60 किमी) में भी जलभराव के बीच फँसे 4 नागरिकों को एसडीईआरएफ टीम द्वारा सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। राजधानी भोपाल के थाना सूखी सेवानिया अंतर्गत ग्राम बालमपुर (मुख्यालय से 18 किमी) में डैम की दीवार टूटने के कारण बाढ़ का पानी तेजी से रिहायशी क्षेत्र में प्रविष्ट हो गया।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एसडीईआरएफ की टीम ने तत्काल मोर्चा संभाला और बढ़ते जलस्तर के बीच फंसे 19 नागरिकों तथा 4 पालतू पशुओं को सुरक्षित बाहर निकाला। इसी कम में, सूखी सेवानिया क्षेत्र (मुख्यालय से 16 किमी) में नाले के तेज बहाव से उपजे जलभराव में फंसे 4 व्यक्तियों को क्विक रिस्पांस टीम द्वारा त्वरित रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर पहुँचाया गया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जबलपुर में कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा कर किया स्वागत और अभिनंदन

# कांवड़ यात्रा धार्मिक-सांस्कृतिक परंपरा के साथ श्रद्धा और सामाजिक एकता का है प्रतीक



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार प्रदेश की समृद्ध सनातन संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए सभी समुचित प्रबंधन कर रही है। सावन का पवित्र माह भगवान शिव की आराधना और भक्ति का पर्व है। मां नर्मदा का जल लेकर निकले कांवड़ यात्रियों का उत्साह अतुलनीय है। संस्कार कांवड़ यात्रा हमारी धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं, श्रद्धा और सामाजिक एकता का प्रतीक है। भगवान शिव की भक्ति से क्षेत्र में सुख, शांति और समृद्धि का संचार हो और प्रदेशवासियों का जीवन मंगलमय हो, यही कामना है।**

कांवड़ यात्रियों को यथा-योग्य सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। प्रदेश के धर्म स्थलों पर सभी सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। संस्कारधानी जबलपुर से शुरू हुई संस्कार कांवड़ यात्रा अद्भुत है, जिसमें पूज्य दादा गुरु के साथ हजारों कांवड़िये भक्ति भाव से साधना के मार्ग पर चल रहे हैं। पूज्य दादा गुरु अन्न छोड़कर केवल नर्मदा मैया का जल गृहण कर स्वस्थ जीवन जी रहे है। उनका त्याग और तपस्या सभी के लिए अनुकरणीय है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सावन के दूसरे सोमवार को जबलपुर की संस्कार कांवड़ यात्रा में शामिल कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा कर उनका अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री दादा गुरू के साथ कांवड़ उठाकर संस्कार कांवड़ यात्रा में शामिल हुए। उन्होंने कांवड़ियों तथा उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित भी किया।

## ● पर्व और त्योहार जीवन में उत्साह, उमंग और उल्लास का करते हैं संचार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पर्व और त्योहार हमारे जीवन में उत्साह, उमंग और उल्लास का संचार करते हैं। परमात्मा हमें चुनौतियों का सामना करने की सामर्थ्य प्रदान करते हैं। जीवन की पवित्रता के माध्यम से परामात्मा तक पहुंचा जा सकता है। ईश्वर सभी प्रदेशवासियों की मनोकामनाएं पूर्ण करें। कांवड़ यात्रा में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, जबलपुर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक अशोक रोहाणी, विधायक सुशील तिवारी इंदु, विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डेय, विधायक नीरज सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष सुश्री आशा मुकेश गोंटिया, जबलपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष संदीप जैन, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, पूर्व विधायक नीलेश अवस्थी, सोनू बचवानी एवं रंजीत पटेल, काँवड़ यात्रा के संयोजक शिव यादव भी शामिल हुए।

### मां नर्मदा के हर कंकर में शंकर दिखाई देते हैं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी कांवड़ियों और प्रदेशवासियों को पवित्र श्रावण मास और कांवड़ यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के धर्म के प्रति प्रेम से वातावरण भगवान शिव के जयकारों से गूंज उठा और पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कांवड़ यात्रियों के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि श्रावण सोमवार के पावन अवसर पर शिव भक्त कांवड़िये नर्मदा मैया का जल लेकर अपना संकल्प पूरा करने के लिए निकले हैं। मां नर्मदा के हर कंकर में शंकर दिखाई देते हैं।

## हेड कॉन्स्टेबल ने लगाई फांसी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सिंगरौली, एजेंसी**। जिले में स्पेशल ब्रांच के प्रधान आरक्षक ने फांसी लगा ली। हेड कॉन्स्टेबल की लाश के पास सुसाइड नोट मिला है, जिसमें लिखा- ट्रांसफर नहीं होने से डिप्रेशन में था। अपनी तकलीफ भोपाल के अफसरों को कई बार बताई, लेकिन किसी ने मेरी पीड़ा नहीं सुनी। मृतक की पहचान हेड कॉन्स्टेबल राकेश गंगले (35) के रूप में की गई है। राकेश गंगले बैढ़न के स्पेशल ब्रांच शाखा में पदस्थ थे। ऑफिस के कमरे में फंदे पर लटकी लाश मिली है। एमपी में ट्रांसफर नहीं होने से कर्मचारी परेशान हैं। कई जगह तलाक हो गए हैं। कई महिला कर्मचारियों के पति बोल रहे हैं कि नौकरी छोड़ दो। मजदूरी कर लेंगे।

यदि आप साहस और निर्भीकता के साथ 'खोजी पत्रकार' के रूप में कार्य करना चाहते है...
अपने आसपास के भ्रष्टाचार-अपराध-अव्यवस्थाओं को उजागर करना चाहते है...
तो आइए हमारे समाचारपत्र/न्यूज वेबपोर्टल/यूट्यूब चैनल के साथ 'क्राइम रिपोर्टर' के रूप में कार्य करे।
★★★★★
कृपया हमारी वेबसाइट पर जाकर खुद को रजिस्टर्ड करे। या फिर हमें आपका पूरा बॉयोडाटा मेल करे
www.dgr.co.in
www.detectivegroupreport.com
detectivegroupreport@gmail.com
(आपके सुझाव/लेख/न्यूज़/सूचना का सदैव स्वागत है)

बाबा की सवारी

# पालकी में चंद्रमौलेश्वर तो हाथी पर निकले मनमहेश, जय श्री महाकाल के जयकारों से गूंजा उज्जैन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी**। श्रावण माह के दूसरे सोमवार को बाबा महाकाल चांदी की पालकी में चंद्रमौलेश्वर और हाथी पर मनमहेश स्वरूप में नगर भ्रमण पर निकले। सवारी निकलने से पूर्व श्री महाकालेश्वर मंदिर परिसर के सभामंडप में भगवान श्री महाकालेश्वर का षोडशोपचार पूजन-अर्चन किया गया। इसके बाद आरती संपन्न हुई। पूजन-अर्चन और आरती शासकीय पुजारी पं. घनश्याम शर्मा ने संपन्न कराई।



आरती के बाद सभामंडप में भगवान श्री महाकालेश्वर का पूजन-अर्चन किया गया। इसके बाद अवंतिकानाथ भगवान श्री चंद्रमौलेश्वर और मनमहेश स्वरूप में पालकी में सवार होकर अपनी प्रजा का हाल जानने और भक्तों को दर्शन देने के लिए नगर भ्रमण पर निकले।

पालकी के श्री महाकालेश्वर मंदिर के मुख्य द्वार पर पहुंचते ही सशस्त्र पुलिस बल के जवानों ने पालकी में विराजित भगवान श्री चंद्रमौलेश्वर को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। वहीं, हाथी पर सवार भगवान मनमहेश के स्वरूप पर पुष्पवर्षा की गई। सवारी मार्ग के दोनों ओर हजारों श्रद्धालुओं ने पालकी में विराजित श्री चंद्रमौलेश्वर और हाथी पर सवार मनमहेश भगवान के भक्तिभाव से दर्शन किए।

गार्ड ऑफ ऑनर के बाद सवारी श्री महाकालेश्वर मंदिर से गुदरी चौराहा, बक्षी बाजार और कहारवाड़ी होते हुए रामघाट पहुंची। यहां भगवान महाकालेश्वर चंद्रमौलेश्वर स्वरूप में अपने भक्तों को आशीर्वाद देने के लिए मां क्षिप्रा के तट पर पहुंचे। इसके बाद मां क्षिप्रा के जल से पूजन किया गया।

### आकर्षण का केंद्र रहा जनजातीय नृत्य

श्री महाकालेश्वर भगवान की दूसरे सोमवार की सवारी में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुरूप जनजातीय नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा। सवारी को अधिक भव्य रूप देने के लिए प्रत्येक सवारी में अलग-अलग थीम रखी गई है। इसी क्रम में दूसरे सोमवार की सवारी में मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए जनजातीय नृत्य दलों ने रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। ये प्रस्तुतियां श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं।

## संपादकीय

### नेपाल की बदलती विदेश नीति: चीन से पहले भारत को प्राथमिकता का संकेत

नेपाल और भारत के संबंध एक बार फिर से मजबूत हो सकते हैं। भारत की खुफिया एजेंसी रॉ के पूर्व एजेंट लकी बिष्ट ने भारत और नेपाल रिश्तों को लेकर एक बड़ा दावा किया है। लकी बिष्ट ने कहा है कि भारत-नेपाल संबंधों में नया अध्याय शुरू होता नजर आ रहा है। 26 अगस्त 2026 को भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और बीजेपी विदेश विभाग प्रमुख डॉ. विजय चौथाईवाले नेपाल का दौरा कर सकते हैं। इस दौरान वे नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह को BRICS सम्मेलन में शामिल होने के लिए के न्योता दे सकते हैं। पूर्व रॉ एजेंट लकी बिष्ट ने ये अपडेट ऐसे समय दिया है, जब नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह ने अपनी विदेश नीति में भारत की अहमियत को प्रदर्शित किया है। हाल ही में बालेन शाह ने विदेशी राजदूतों के साथ पहली मुलाकात में भारत को अहमियत दी। बालेन शाह ने काठमांडू में भारतीय राजदूत नवीन श्रीवास्तव के साथ एक खास बैठक की। ये बैठक भारत के लिए खास इसलिए रही, क्योंकि बालेन शाह ने चीन के राजदूत से पहले भारत के राजदूत के साथ मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने चीनी राजदूत झांग माओमिंग से भी मुलाकात की। बालेन शाह के इस जेस्चर को भारत के लिए सकारात्मक माना जा रहा है। भारत के राजदूत का नेपाल के पीएम बालेश शाह से मिलना इसलिए भी अहम है, क्योंकि शाह ने 27 मार्च को प्रधानमंत्री बनने के बाद से पहली बार काठमांडू में किसी विदेशी राजदूत के साथ अलग-अलग बैठक की है। इससे पहले उन्होंने 9 अप्रैल और 26 मई को विदेशी राजदूतों के साथ संयुक्त बैठकें कीं थीं। हालांकि, उस बैठक को लेकर नेपाली राजनयिकों और विदेश नीति एक्सपर्ट्स ने बालेन शाह के निर्णय का स्वागत किया था। एक्सपर्ट्स ने कहा था कि समूह में बैठकें करना काठमांडू के राजनयिक समुदाय के साथ बातचीत का ज्यादा पारदर्शी और निष्पक्ष तरीका है।

**Health is Wealth**

## उम्र बढ़ने के साथ
# दिमाग सेफ रखने के लिए
## न्यूरोसर्जन ने बताए 6 तरीके, जरूर करें फॉलो

**ओवरऑल हेल्थ को सही रखने की कोशिश करते-करते अगर आप अपने दिमाग को ही भूल जाते हैं तो ये गलती ना करें। न्यूरोसर्जन डॉक्टर जय जगन्नाथ ने दिमाग को सेफ रखने के लिए 6 तरीके शेयर किए हैं जो दिमाग को सेफ रखने में आपकी मदद कर सकते हैं।**

ब्रेन का स्वस्थ रहना बहुत जरूरी है क्योंकि इसका सीधा असर ओवरऑल हेल्थ पर भी होता है। ब्रेन हेल्थ शरीर की सभी एक्टिविटी, याददाश्त, भावनाओं और निर्णयों को नियंत्रित करती है। एक हेल्दी दिमाग स्पष्ट रूप से सोचने, तनाव से निपटने और रोजाना के काम सही से करने में मदद करता है। न्यूरोसर्जन डॉक्टर जय जगन्नाथ ने 6 तरीके शेयर किए हैं जिन्हें अपनाकर उम्र बढ़ने के साथ दिमाग सेफ रखने में मदद मिल सकती है। ये तरीके बहुत आसान है और रोजाना की लाइफ में आसानी से फॉलो किए जा सकते हैं।



### 1) ब्लड प्रेशर कंट्रोल करें

हाई ब्लड प्रेशर स्ट्रोक, मेमोरी कम होना और दिमाग के छोटे ब्लड वेसेल्स को डैमेज करने का कारण बनता है। इसलिए इसे मैनेज करना जरूरी है। अगर आपका बीपी हमेशा हाई रहता है तो आपको डॉक्टर की सलाह पर दवाई खाना शुरी करना चाहिए और इसे मैनेज करने के लिए नैचुरल तरीकों को अपनाना चाहिए।

### 2) दिमाग को चैलेंज करें

नई स्किल्स, भाषा और इंस्ट्रूमेंट सीखने से न्यूरल कनेक्शन बनता है। जब आप कुछ नया सीखते रहते हैं तो इससे दिमाग को हेल्दी रखने में मदद मिल सकती है।

### 3) स्ट्रेंथ और एरोबिक एक्सरसाइज को दें महत्व

नियमित शारीरिक एक्टिविटी से दिमाग में ब्लड फ्लो बेहतर होता है और यह संज्ञानात्मक क्षमता में गिरावट के कम जोखिम से जुड़ी है। अगर आप बहुत हैवी एक्सरसाइज नहीं कर सकते हैं तो रोजाना कछ हल्की फुल्की एक्सरसाइज करना शुरू करें।

### 4) नींद को प्रोटेक्ट करें

गहरी नींद सोने से ब्रेन सेल्स मेटाबॉलिक वेस्ट को क्लीयर करने में मदद करते हैं और याददाश्त को मजबूत करते हैं। जब आपकी नींद अच्छे से पूरी नहीं होती है तो समय के साथ संज्ञानात्मक उम्र बढ़ने की प्रक्रिया तेज हो जाती है।

### 5) सोशली कनेक्टेड रहें

राजाना बातचीत और खास रिलेशनशिप दिमाग के अलग-अलग हिस्सों को चैलेंज करती हैं। सामाजिक रूप से अलग रहने को डिमेंशिया के खतरे से जोड़ा गया है।

### 6) जब जरूरी हो तब हेलमेट जरूर पहनें

बहुत से लोग डिमेंशिया जैसी बीमारी को लेकर चिंतित होते हैं लेकिन सिर की ऐसी चोटों को नजरअंदाज कर देते हैं जिनसे बचा जा सकता है। साइकलिंग, स्कींग या किसी भी तरह की स्पोर्ट्स एक्टिविटी करते समय अपने दिमाग के देखरेख के लिए हेलमेट जरूर लगाएं। ये एक सिंपल-लॉन्ग टर्म इंवेस्टमेंट है।

### नोट

डॉक्टर कहते हैं कि ऐसा कोई एक नियम नहीं है जो संज्ञानात्मक गिरावट को रोकने की गारंटी दे सके। लेकिन लगातार सही चुनाव करने से ब्लड वेसेल्स के स्वास्थ्य को बनाए रखने, तंत्रिका विकास को बढ़ावा देने और उम्र बढ़ने के साथ संज्ञानात्मक क्षमता को मजबूत करने में मदद मिल सकती है।

New Delhi

# 15 अगस्त से पहले दिल्ली में हाई अलर्ट, इंडियन मुजाहिदीन-अल कायदा समेत 19 आतंकियों के पोस्टर

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त) के आयोजन से पहले आतंकवादी खतरों के मद्देनजर दिल्ली पुलिस ने पूरी राजधानी में हाई अलर्ट जारी किया है. एहतियात के तौर पर पुलिस ने शहर के प्रमुख स्थलों, सार्वजनिक स्थानों और व्यस्त बाजारों में 19 मोस्ट वॉन्टेड आतंकवादियों के पोस्टर लगाए हैं.

दिल्ली पुलिस की ओर से जारी इन पोस्टरों में इंडियन मुजाहिदीन, अल-कायदा और अलग-अलग खालिस्तानी आतंकी संगठनों से जुड़े खतरनाक संदिग्धों की तस्वीरें और डिटेल्स शामिल हैं.

पोस्टरों में इंडियन मुजाहिदीन के रियाज भटकल और शबांदरी मोहम्मद इकबाल उर्फ इकबाल भटकल,



अल-कायदा से जुड़े मोहम्मद शर्जील अख्तर, अबू सुफियान और सैयद मोहम्मद अर्शियान दिखाई दे रहे हैं.

मोस्ट वॉन्टेड आतंकवादियों की लिस्ट में 'खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स' के रंजीत सिंह उर्फ नीता, परमजीत सिंह पम्मा, 'खालिस्तान टाइगर फोर्स' के अर्शदीप सिंह उर्फ अर्श डाला और 'बब्बर खालसा इंटरनेशनल' (BKI) के हरविंदर सिंह संधू उर्फ रिंडा, वधावा सिंह बब्बर व गुरमीत सिंह बग्गा जैसे प्रमुख नाम प्रमुखता से शामिल हैं.

बता दें कि हर साल 15 अगस्त और 26 जनवरी के दौरान दिल्ली पर आतंकी हमलों का खतरा सबसे ज्यादा रहता है. इसी को ध्यान में रखते हुए एहतियात के तौर पर सुरक्षा के लिए खतरा बने इन वॉन्टेड आतंकियों की सूची जारी की जाती है, ताकि आम नागरिक भी सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध की पहचान होने पर तुरंत सूचना दे सकें.

Gujrat

# रैगिंग से परेशान जूनियर डॉक्टर ने सुसाइड किया



**सूरत, (एजेंसी)** गुजरात में सूरत के गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) में पढ़ाई कर रहे फर्स्ट ईयर के रेजिडेंट डॉक्टर हर्ष पंड्या ने रैगिंग से परेशान होकर रविवार को सुसाइड कर लिया। कॉलेज के चार सीनियर अनुज महेश्वरी, दीक्षित धेवरिया, निराली वसावे और हिनाबेन भूत पर रैगिंग का आरोप लगा है। कॉलेज प्रशासन ने इन्हें 6 महीनों के लिए सस्पेंड कर दिया है। साथ ही उन्हें हॉस्टल खाली करने का भी आदेश दिया गया है। मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने सोमवार को चारों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज करवाई है। साथ ही एचओडी और तीन फैकल्टी सदस्यों को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। पीड़ित स्टूडेंट गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) से जुड़े न्यू सिविल हॉस्पिटल के माइक्रोबायोलॉजी डिपार्टमेंट में काम करता था। रविवार सुबह हॉस्टल के रूम नंबर 1004 का दरवाजा अंदर से बंद था। हर्ष पंड्या से संपर्क नहीं हो पाने पर उनके साथी डॉक्टर कमरे के बाहर पहुंचे। काफी देर तक दरवाजा न खुलने पर सिक्योरिटी स्टाफ को बुलाया गया। स्टाफ ने दरवाजा तोड़ा और हर्ष पंड्या को पंखे से लटके देखा। उन्हें हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

New Delhi



## 'वंदे मातरम' गाया जाएगा


**नई दिल्ली, (एजेंसी)** 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान पहली बार लाल किले की प्राचीर से 'वंदे मातरम' गाया जाएगा। इस समारोह की अगुवाई पीएम मोदी करेंगे। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, यह मौका 'वंदे मातरम' के 150 साल पूरे होने का भी प्रतीक होगा। पीएम मोदी दिल्ली के इस ऐतिहासिक स्मारक से राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और देश को संबोधित करेंगे। बयान में कहा गया,' पहली बार लाल किले की प्राचीर से 'वंदे मातरम' गाया जाएगा।'

Maharashtra

# पालघर में एक घंटे के भीतर दो भूकंप के झटके, अब तक कोई नुकसान नहीं

**पालघर, (एजेंसी)** महाराष्ट्र के पालघर जिले में एक घंटे के भीतर भूकंप के दो झटके महसूस किए गए। दोनों झटकों की तीव्रता 3.4 रही। अधिकारियों के मुताबिक, भूकंप से किसी तरह के जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं है। जिला सूचना कार्यालय के अनुसार, पहला झटका सोमवार रात 10 बजकर 04 मिनट पर आया। इसके करीब एक घंटे बाद रात 11 बजे फिर 3.4 तीव्रता का भूकंप आया।

जिला आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख विवेकानंद कदम ने बताया कि दोनों झटकों का केंद्र जव्हार तालुका में जमीन से करीब पांच किलोमीटर की गहराई में था। लगातार दो झटके आने से स्थानीय लोगों में कुछ समय के लिए चिंता का माहौल बन गया। हालांकि, अधिकारियों ने



बताया कि जिले में किसी इमारत को नुकसान नहीं पहुंचा और न ही किसी व्यक्ति के घायल होने की सूचना है। स्थानीय प्रशासन और आपदा प्रबंधन की टीमें स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। अधिकारियों ने लोगों से घबराने के बजाय शांत रहने और भूकंप के दौरान अपनाए जाने वाले सामान्य सुरक्षा उपायों का पालन करने की अपील की है।

खेल

### 11 साल की भारतीय मूल की बोधना ने रचा इतिहास

# बनीं ब्रिटेन की सबसे युवा महिला शतरंज चैंपियन

**लंदन, (एजेंसी)** भारतीय मूल की 11 वर्षीय शतरंज प्रतिभा बोधना शिवानंदन ने ब्रिटिश शतरंज में इतिहास रच दिया है। उन्होंने 2026 ब्रिटिश चेस चैंपियनशिप में महिला वर्ग का खिताब जीतकर ब्रिटेन की सबसे युवा महिला शतरंज चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। कोवेंट्री में रविवार को समाप्त हुई प्रतियोगिता में बोधना ने आयरलैंड की 14 वर्षीय ट्रिशा कन्यामराला को रोमांचक रैपिड-चेस प्लेऑफ में हराकर खिताब अपने नाम किया।




बोधना की जीत के बाद इंग्लिश चेस फेडरेशन के लिए कमेंट्री कर रहे ग्रैंडमास्टर डैनी गोरमली भी उनकी प्रतिभा से प्रभावित नजर आए। उन्होंने कहा, 'अविश्वसनीय! बोधना जीत गई हैं। वह अद्भुत हैं, एक पीढ़ी में एक बार मिलने वाली प्रतिभा हैं।'

बोधना ने कोविड-19 महामारी के दौरान लगे लॉकडाउन में पहली बार शतरंज खेलना शुरू किया था। उनके पिता के एक दोस्त भारत लौट रहे थे और उन्होंने बोधना को कुछ बैग दिए थे, जिनमें शतरंज की बिसात भी थी। बोधना ने उस समय अपने शुरुआती अनुभव को याद करते हुए कहा था, 'मुझे शतरंज के मोहरों में दिलचस्पी हुई, इसलिए मैंने खेलना शुरू कर दिया।' इसके बाद उत्तर-पश्चिम लंदन की इस स्कूली छात्रा ने लगातार कई रिकॉर्ड अपने नाम किए। तेज फॉर्मेट में वह पहले ही यूके ओपन महिला ब्लिट्ज चैंपियन और संयुक्त ब्रिटिश महिला रैपिड चैंपियन बन चुकी थीं। अब क्लासिकल शतरंज का ब्रिटिश खिताब जीतकर उन्होंने शानदार हैट्रिक पूरी कर ली है। इस प्रतियोगिता में बोधना की एकमात्र हार छठे दौर में 17 वर्षीय श्रेयस रॉयल के खिलाफ आई थी।

भारतीय मूल के 17 वर्षीय श्रेयस रॉयल ने भी प्रतियोगिता में इतिहास रचा। उन्होंने नौ राउंड के बाद तालिका में शीर्ष स्थान हासिल करते हुए ओवरऑल ब्रिटिश चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। वह अनुभवी इंग्लिश ग्रैंडमास्टर्स से आधे अंक आगे रहे। यह श्रेयस का पहला ब्रिटिश खिताब है और इस जीत ने उन्हें दुनिया के उभरते हुए शीर्ष युवा शतरंज खिलाड़ियों में शामिल कर दिया है। श्रेयस ने इससे पहले सिर्फ 15 साल की उम्र में इंग्लैंड के सबसे युवा ग्रैंडमास्टर बनने का रिकॉर्ड बनाया था। उस समय उन्होंने युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा था, 'चाहे मुश्किलें कितनी भी बड़ी हों, कोशिश करते रहिए।' श्रेयस का जन्म भारत में हुआ था। वह सिर्फ तीन साल की उम्र में अपने माता-पिता जितेंद्र और अंजू सिंह के साथ बेंगलुरु से ब्रिटेन चले गए थे। करीब आठ साल पहले इंग्लिश चेस फेडरेशन ने उनकी असाधारण प्रतिभा को देखते हुए ब्रिटेन में उनके और उनके परिवार के रहने की अनुमति जारी रखने के लिए गृह मंत्रालय से भी बातचीत की थी। श्रेयस की ताजा सफलता के बाद पूर्व ब्रिटिश मंत्री साजिद जाविद ने भी उनकी तारीफ की। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, '2018 में गृह मंत्री के तौर पर मैंने श्रेयस और उनके परिवार को ब्रिटेन में रहने की अनुमति देने का फैसला किया था।

सिनेमा

# झारखंड छात्रों के प्रदर्शन में आंसू गैस के इस्तेमाल पर भड़के प्रकाश राज, बोले- अहंकारी सत्ता ही गिरेगी



प्रकाश राज ने कॉकरोच जनता पार्टी के दिल्ली के प्रदर्शन को पूरी सपोर्ट किया था। अब वह झारखंड में चल रहे प्रदर्शन का भी सपोर्ट कर रहे हैं। उन्होंने सोमवार, 10 अगस्त को रांची में झारखंड विधानसभा की ओर मार्च कर रहे प्रदर्शनकारी छात्रों पर फोर्स का इस्तेमाल किए जाने पर रिएक्शन दिया है। न्यूज एजेंसी ANI के मुताबिक, सोमवार शाम रांची में झारखंड विधानसभा के बाहर प्रदर्शन कर रहे छात्रों को हटाने के लिए पुलिस द्वारा तीसरी बार लाठीचार्ज किए जाने के बाद भी JPSC-JSSC के उम्मीदवार अपनी बात पर अड़े रहे। प्रकाश ने एक्स पर एक वीडियो को रीपोस्ट किया जिसमें दिखाया गया कि प्रदर्शन के दौरान टियर गैस, वॉटर कैनन और लाठी चार्ज का इस्तेमाल किया गया है छात्रों पर। वीडियो को शेयर कर प्रकाश ने लिखा, 'क्यों...क्यों..क्यों। यह बर्बरता अब काम नहीं आएगी... इससे सिर्फ अहंकारी सत्ता ही गिरेगी।' पुलिस ने यह एक्शन 'विधानसभा घेराव' मार्च के दौरान छात्र प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच हुई नई झड़प के कुछ घंटों के बाद लिया। अथॉरिटीज ने टियर गैस, वॉटर कैनन और लाठी चार्ज का इस्तेमाल किया जब एस्पिरेंट्स विधानसभा की ओर बढ़ने की कोशिश कर रहे थे।

## Highlights

1. Govt introduces Bill in Lok Sabha to rename 'Kerala' as 'Keralam'
2. 108 cities exceeding PM10 limit for 3 straight yrs: Govt data
3. Speaker Birla makes emotional appeal to floor leaders amid deadlock, says 'Please cooperate'
4. Deadlock to continue until Shah speaks in Parliament: Priyanka Gandhi
5. 'Save my brother, take ₹5L': Kanwariya swept away, brother cries
6. Driver in China narrowly escapes huge landslide, video surfaces
7. Kangra back in business as tourist rush signals strong revival
8. Tukaram Mundhe effect: Mumbai restaurants undergo hygiene reset

# Mortgage rates today: 30-year rate falls to 6.823% as Fed, inflation and Iran war drive rates



**NEW DEIHI, (Agency).** 30-year mortgage rates edged lower today. The average interest rate on a 30-year home purchase mortgage is 6.823%, down from 6.843% on Friday, according to Zillow data. Refinance rates are slightly higher. The average rate for a 30-year mortgage refinance is 6.943%, while the average 15-year refinance rate is 5.973%.

Mortgage rates are still being affected by the war in Iran. Home loan rates have risen since the beginning of the US war in Iran in late February. When the conflict looks like it could get worse, mortgage rates usually move higher along with 10-year US Treasury yields, an important benchmark for mortgage rates, according to US News.

Rates can fall when tensions ease. When the Iran conflict appears to be moving closer to a resolution, mortgage rates and bond yields tend to move lower. This means developments in the Middle East can have a direct impact on what Americans pay to borrow for a home.

## Why the Iran war matters for mortgage rates

Oil prices are one major reason. The bond market that influences mortgage rates is very sensitive to changes in prices. The Middle East conflict has put pressure on oil prices, which can increase the cost of making and transporting goods.

Higher oil prices can increase inflation. When energy costs rise, businesses often face higher costs. Those higher costs can eventually push prices higher for consumers. In simple terms, higher oil prices can mean higher inflation, and higher inflation can lead to higher interest rates.

Inflation has slowed, but the situation is still uncertain. June's Consumer Price Index report showed inflation slowing to 3.5% as energy prices fell. That was a big improvement from May, when inflation was running at 4.2%, its highest pace of price growth in three years, according to US News. The recent improvement in inflation may not last. The renewed conflict in the Middle East could push energy prices higher again. That could make it harder for inflation to continue falling quickly.

## What the Federal Reserve is doing

The Federal Reserve kept interest rates unchanged in July. Fed policymakers left rates steady at their July meeting, as markets widely expected. But three Fed policymakers wanted a rate hike. Three policymakers voted for a quarter-point increase in interest rates in July. That was different from June, when all policymakers voted to keep rates unchanged.

Inflation is still above the Fed's target. The Federal Reserve wants inflation to stay around 2% over the longer term. With inflation still above that level, there is a chance the central bank could raise interest rates in the coming months, according to US News.

### युवक ने वीडियो बनाया, सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत

# समोसे में निकला मरा हुआ कॉकरोच

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एक युवक ने गरमा गरम समोसा खरीदा। एक टुकड़ा खाते ही उसमें मरा हुआ कॉकरोच दिखाई दिया। युवक ने तुरंत वीडियो बनाकर दुकानदार को इसकी जानकारी दी। दुकानदार ने कहा कि यह गलती से आ गया होगा और वीडियो बनाना है तो बना लो। मामले की शिकायत सीएम हेल्पलाइन और खाद्य सुरक्षा प्रशासन से की गई है।**



घटना सोमवार को चिकमंगलूर चौराहा स्थित श्रम शिविर के पास की है। इंदौर निवासी पीयूष मौर्य बारिश के दौरान यहां रुके और रतलाम नमकीन से समोसा खरीदा। उन्होंने जैसे ही समोसे का एक टुकड़ा खाया, उसमें मरा हुआ कॉकरोच नजर आया। उन्होंने वीडियो बनाकर दुकानदार को इसकी जानकारी दी। पीयूष के मुताबिक, दुकानदार ने कहा कि कॉकरोच गलती से आ गया होगा। उसने यह भी कहा कि वीडियो बनाना है तो बना लो, इंसान से गलती हो जाती है। इसे जानबूझकर नहीं डाला गया है। मामले को लेकर दोनों पक्षों में कुछ देर बहस हुई। इसके बाद दुकानदार ने शिकायत करने की बात कही। पीड़ित ने खाद्य विभाग में शिकायत दर्ज कराई है। समोसे में कॉकरोच मिलने की शिकायत के बाद दुकान में खाद्य सामग्री की साफ-सफाई और रखरखाव पर सवाल खड़े हो गए हैं। बारिश के मौसम में खाद्य पदार्थों के भंडारण और स्वच्छता को लेकर विशेष सावधानी जरूरी होती है। शिकायत के बाद खाद्य सुरक्षा विभाग ने मामले में कार्रवाई की बात कही है।

# खाटू श्याम मंदिर के पास युवक पर चाकू से जानलेवा हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। हीरानगर थाना क्षेत्र में रविवार देर रात बदमाशों ने चाकूबाजी की वारदात को अंजाम दिया। हीरानगर में बाइक सवार बदमाशों ने एक होटल कर्मचारी पर चाकू से करीब 4 वार कर दिए। गंभीर रूप से घायल युवक को पुलिस की एफआरवी टीम द्वारा पहले लाइफ केयर अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज न मिलने पर उसे अरविंदो अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।**

हीरानगर पुलिस के अनुसार घायल की पहचान तेजसिंह (23) पुत्र लेखापाल निवासी लाहिया कॉलोनी के रूप में हुई है। वह मूल रूप से नरसिंहगढ़ का निवासी है और लगभग 1 महीने पहले ही काम की तलाश में इंदौर आया



था। वर्तमान में वह एक होटल में वेटर का काम करता है। पीड़ित ने बताया कि रविवार रात लगभग 11:30 बजे काम खत्म करके वह घर लौट रहा था। रास्ते में खाटू श्याम मंदिर में चल रही भजन संध्या को देखकर वह वहां रुक गया। रात लगभग 1 बजे जब वह पैदल घर जा रहा था, तभी 4 अज्ञात युवकों ने उसे रोक लिया। पीड़ित के अनुसार चारों युवकों में से 2 के पास धारदार चाकू थे। एक आरोपी ने उसके पेट पर 2 वार किए, जबकि दूसरे ने पीठ पर चाकू से हमला कर दिया। युवक के शोर मचाने पर हमलावर मौके से फरार हो गए। घटना के बाद वहां से गुजर रहे राहगीरों की मदद से घायल ने पुलिस और परिजनों को सूचना दी। पुलिस की डायल 100 टीम ने मौके पर पहुंचकर उसे अस्पताल पहुंचाया। मामले में पुलिस का कहना है कि आरोपी फिलहाल अज्ञात हैं। देर रात स्थिति गंभीर होने के कारण पीड़ित के विस्तृत बयान दर्ज नहीं हो सके हैं। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। प्रारंभिक जांच में युवक की किसी से पुरानी रंजिश की बात सामने नहीं आई है, जिससे आशंका जताई जा रही है कि हमला लूट के इरादे से किया गया था।

# 10 लाख की एमडी ड्रग्स बरामद सुपर कॉरिडोर से तस्कर गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पुलिस लगातार ड्रग्स तस्करों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में क्राइम ब्रांच ने सुपर कॉरिडोर पर घेराबंदी कर एक आरोपी को 103.5 ग्राम एमडी (एमडी) ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया है। जब्त ड्रग्स की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 10 लाख रुपये बताई जा रही है। आरोपी के कब्जे से बिना नंबर की काली होंडा हॉर्नेट बाइक भी बरामद हुई है, जिसकी कीमत करीब 1.5 लाख रुपये है।**

पुलिस के मुताबिक, क्राइम ब्रांच को मुखबिर से सूचना मिली थी कि मंदसौर की ओर से एक तस्कर एमडी ड्रग्स की खेप लेकर इंदौर आने वाला है। सूचना मिलते ही टीम ने सुपर कॉरिडोर पर घेराबंदी कर संदिग्ध एयाज हुसैन को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से 103.5 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुई।

पूछताछ में शाहनवाज नाम के एक अन्य आरोपी का भी नाम सामने आया है, जो चूड़ियां बेचने का काम करता है। पुलिस का कहना है कि दोनों को लग्जरी




लाइफ और हाई-प्रोफाइल पार्टियों का शौक था। जल्द पैसा कमाने की चाह में वे नशे के कारोबार में उतर गए। जांच में यह भी सामने आया है कि दोनों पुलिस से बचने के लिए लगातार अपने ठिकाने बदलते थे और बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों का इस्तेमाल करते थे। फिलहाल क्राइम ब्रांच आरोपियों से पूछताछ कर यह पता लगाने में जुटी है कि एमडी ड्रग्स की खेप मंदसौर में किससे ली जाती थी, इंदौर में किन लोगों तक इसकी सप्लाई होनी थी और इस नेटवर्क से जुड़े अन्य आरोपी कौन हैं। पुलिस को आशंका है कि पूछताछ के आधार पर आने वाले दिनों में मंदसौर और इंदौर से जुड़े कुछ अन्य तस्करों की भी गिरफ्तारी हो सकती है।






स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक